राजस्थान जिला प्रमुख चुनाव 2026
जिलेवार विजेता प्रत्याशी एवं दल

जिले का नाम	विजेता प्रत्याशी	दल
अजमेर	पूजा भंसाली	भाजपा
अलवर	अनीता मीणा	कांग्रेस
बालोतरा	सुशीला	भाजपा
बांसवाड़ा	रीना	भारतीय आदिवासी पार्टी
बाड़मेर	गफूर अहमद	कांग्रेस
ब्यावर	ममता गुर्जर	कांग्रेस
भरतपुर	रेनू बाला	कांग्रेस
भीलवाड़ा	कैलाश चंद्र मीणा	कांग्रेस
बीकानेर	निकिता करवासरा	कांग्रेस
बूंदी	हंसा गुर्जर	कांग्रेस
चित्तौड़गढ़	रत्नी देवी	कांग्रेस
चूरू	कनिका सिंह	भाजपा
दौसा	बीना	कांग्रेस
डीडवाना-कुचामन	बुद्धाराम गर्वा	भाजपा
डीग	रेनू सिंह	भाजपा
धौलपुर	अनीशा सिंह	कांग्रेस
डूंगरपुर	अनुतोष रोत	भारतीय आदिवासी पार्टी
हनुमानगढ़	रेनू	कांग्रेस
जयपुर	यशवीर सूरा	कांग्रेस
जैसलमेर	संतोष कुमारी	कांग्रेस
जालौर	आसू राम	कांग्रेस
झालावाड़	वर्षा झाला	भाजपा
झुंझुनूं	कोमल भंवरिया	कांग्रेस
जोधपुर	प्रमिला चौधरी	कांग्रेस
खैरथल-तिजारा	इंद्रजीत यादव	भाजपा
कोटपूतली-बहरोड़	रामनिवास	कांग्रेस
नागौर	पांचूराम	राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी
पाली	सीता	भाजपा
फलोदी	यशवंत कंवर	कांग्रेस
प्रतापगढ़	हकरी कुमारी	भाजपा
राजसमंद	सुंदर	कांग्रेस
सलूंबर	पुष्पा कुमारी मीणा	कांग्रेस
सवाई माधोपुर	आशा देवी	कांग्रेस
सीकर	सुनीता गठाला	कांग्रेस
सिरोही	गुमान सिंह	कांग्रेस
टोंक	अलका बैरवा	कांग्रेस
उदयपुर	हिम्मत सिंह झाला	भाजपा

वनरक्षक भर्ती परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाने वाला गिरफ्तार

मूल अभ्यर्थी की जगह दूसरे युवक से दिलवाई थी परीक्षा

जयपुर (कासं)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में डमी अभ्यर्थी बैठाकर नौकरी दिलवाने के मामले में दस हजार रुपए के इनामी आरोपी सौरभ मीणा उर्फ टिंकू मीणा (30) निवासी भुसावर जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 23 नवंबर 2026 को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर की ओर से आयोजित वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में गड़बड़ी को लेकर 26 सितंबर 2025 को एसओजी थाने में प्रकरण दर्ज किया गया था। जहां एसओजी की जांच में सामने आया कि मूल अभ्यर्थी भारत मीणा (28) निवासी भुसावर जिला भरतपुर की जगह डमी अभ्यर्थी दिनेश कुमार बिश्नोई (29) निवासी सांचौर जिला जालौर ने परीक्षा दी थी। डमी अभ्यर्थी दिनेश कुमार को एसओजी पहले ही 24 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार कर चुकी है।



आरोपी सौरभ मीणा उर्फ टिंकू

- आरोपित पर 10 हजार रु. इनाम घोषित कर रखा था एसओजी ने

एसओजी के अनुसार सौरभ मीणा उर्फ टिंकू और मूल अभ्यर्थी भारत मीणा एक ही परिवार के हैं। सौरभ लगातार दिनेश कुमार विश्नोई के संपर्क में था। वह उसे जयपुर के जगतपुरा से निजी टैक्सी में बैठाकर भरतपुर स्थित परीक्षा केंद्र ले गया था। जहां दिनेश ने भारत मीणा के स्थान पर परीक्षा दी थी।

इस मामले में सौरभ की मध्यस्थता सामने आने पर उसकी तलाश की जा रही थी और उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। एसओजी के अनुसार आरोपी का पुलिस रिमांड प्राप्त कर पूछताछ की जा रही है।

प्रदेश में 15 शहरों का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे

जयपुर। उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं से राजस्थान में धीरे-धीरे सर्दी परवान पर आने लगी है। प्रदेश के 15 शहरों का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। 1.5 डिग्री के साथ माउंट आबू की रात सबसे सर्द रही। शेखावाटी और उसके आस-पास के इलाकों में भी तेज सर्दी का असर देखा गया।

मौसम विभाग के अनुसार अजमेर, अलवर, चित्तौड़गढ़, चूरू, डबोक, पिलानी, सीकर, वनस्थली, सिरोही, फतेहपुर, करौली, झुंझुनूं, माउंट आबू, नागौर और लूणकरणसर का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह मौसम साफ रहने और पारे में गिरावट की संभावना जताई है। प्रदेश में बाड़मेर सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 32.7 और न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री दर्ज किया गया। जयपुर में भी अब सर्दी तेज होने लगी है। मंगलवार रात जयपुर के पारे में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जयपुर में बुधवार को भी दिनभर हल्की हवाएं चली। इससे पारे में और गिरावट आने की संभावना है। जयपुर का अधिकतम तापमान 27.7 और न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री दर्ज किया गया। जयपुर के दिन के पारे में भी मामूली गिरावट देखी गई है।

'प्रदेश में 9.64 लाख मीट्रिक टन यूरिया का स्टॉक उपलब्ध'

खाद की कम आपूर्ति करने वाली कंपनियों का आवंटन दूसरी कंपनियों को मिलेगा : मुख्य सचिव

जयपुर। प्रदेश में रबी फसलों की बुवाई के दौरान किसानों को यूरिया और डीएपी की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बुधवार को शासन सचिवालय में समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। किसानों को परेशानी नहीं हो, इसके लिए आपूर्ति व्यवस्था मजबूत की जाए। निर्धारित आवंटन के अनुरूप खाद नहीं भेजने वाली कंपनियों का आवंटन दूसरी सक्षम कंपनियों को अंतरित किया जाएगा।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने खाद आपूर्ति को लेकर बैठक ली।

- 30 नवंबर तक सभी जिलों में लागू होगी एफएफएस व्यवस्था; कालाबाजारी पर 31 एफआईआर दर्ज की, 12375 बैग जब्त

कृषि आयुक्त नरेश गोयल ने बताया कि अनुदानित उर्वरकों के औद्योगिक उपयोग में डायवर्जन और कालाबाजारी रोकने के लिए 12,141 डीलरों का निरीक्षण किया गया। 193 नमूने लिए, 1,282 फर्मों को नोटिस दिए, 64 प्रतिष्ठानों की बिक्री रोकी और 93 फर्मों के लाइसेंस निलंबित किए गए। वहीं 31 एफआईआर दर्ज कर 12,375 उर्वरक बैग जब्त किए गए। इनमें दौसा के बालाहेड़ा में पकड़ा गया अवैध डीईएफ यूरिया संयंत्र भी शामिल है।

मुख्य सचिव ने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एसएसपी, एनपीके और जैव उर्वरकों के उपयोग के लिए किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संतुलित उर्वरक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और उत्पादन लागत घटाने में मदद मिलेगी। बैठक में एग्रीस्टैक आधारित एफएफएस व्यवस्था की समीक्षा की गई। सिरोही और राजसमंद में सफल परीक्षण के बाद यह व्यवस्था 18 जिलों में लागू है और 30 नवंबर तक सभी जिलों में लागू होगी। फार्मर आईडी आधारित बुकिंग से खाद वितरण में पारदर्शिता आएगी और कालाबाजारी पर अंकुश लगेगा।

मुख्य सचिव ने ग्राम सेवा सहकारी समितियों और केवीएसएस के माध्यम से गांवों तक खाद पहुंचाने तथा पीओएस मशीनों की तकनीकी समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में सहकारिता विभाग के शासन सचिव समित शर्मा तथा इफको, कृभको, आईपीएल, सीएफसीएल और एनएफएल सहित प्रमुख उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

10 महीने से फरार गांजा विक्रेता पकड़ा

जयपुर। सेज थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने के मामले में करीब 10 महीने से फरार चल रहे आरोपी हाकम सिंह सांसी (53) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी हाकम सिंह मूल रूप से टोंक जिले के दूनी थाना क्षेत्र के पोल्याडा गांव की सांसीयों की ढाणी का निवासी है। वर्तमान में वह बगरू की बंजारा कच्ची बस्ती, रीको एरिया में रह रहा था। आरोपी को 24 नवंबर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उससे मादक पदार्थों के सप्लायरों और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशान्त किरण के अनुसार आरोपी संगठित रूप से अवैध मादक पदार्थों के खरीद-फरोख्त में शामिल रहा है। उसके खिलाफ मादक पदार्थों, हथकढ़ शराब और देशी शराब से जुड़े कुल आठ मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से अवैध मादक पदार्थों के सप्लायरों और अन्य संपर्कों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

थानाधिकारी उदय सिंह शेखावत के अनुसार अवैध मादक पदार्थों की बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 9 फरवरी 2026 को थानाधिकारी निरीक्षक राजेन्द्र गोदारा ने बंजारा कच्ची बस्ती, रीको एरिया बगरू में आरोपी के मकान के सामने कार्रवाई की थी। पुलिस के अनुसार आरोपी वहां अवैध रूप से गांजा और देशी शराब बेच रहा था। पुलिस वाहन देखकर वह गांजा, देशी शराब, बिक्री की राशि और मोबाइल फोन मौके पर छोड़कर झाड़ियों में भाग गया था। पुलिस ने मौके से 534 ग्राम शुद्ध गांजा, बिक्री के 2400 रुपए और मोबाइल फोन जब्त किए थे।

2028 चुनाव में फिर बनेगी भाजपा सरकार : मदन राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बुधवार को पंचायती राज चुनावों में 10 जिलों में भाजपा के जिला प्रमुख बनने पर जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और भाजपा जनादेश का सम्मान करती है। पार्टी जनता के फैसले को विनम्रता से स्वीकार करती है। आगामी दो वर्षों में और अधिक गति से राजस्थान की सेवा की जाएगी तथा 2028 के विधानसभा चुनाव में भाजपा फिर से सरकार बनाएगी।

राठौड़ ने कहा कि पंचायती राज चुनाव परिणामों के बाद कांग्रेस को अपने कथित झूठे प्रचार के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस ने परिसीमन को लेकर गलत बातें कहीं, ईवीएम को बदनाम किया और चुनाव प्रणाली पर सवाल उठाए। अब जनता के सामने सच्चाई आ गई है। इसलिए कांग्रेस को जनता और भाजपा से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायती राज चुनावों के परिणाम विधानसभा चुनावों की जीत की गारंटी नहीं होते। पूर्व में हुए चुनावों के परिणाम भी इस बात को साबित करते हैं। राजस्थान की जनता ने भाजपा को पांच साल के लिए सेवा का अवसर दिया है और पार्टी अगले दो वर्षों तक पूरी प्रमाणिकता एवं प्रतिबद्धता से काम करेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष की भरतपुर चुनाव को लेकर की गई टिप्पणी को अराजकता फैलाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह किसी जिम्मेदार राजनेता का बयान नहीं हो सकता। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिस तरह संयम बनाए रखा, उसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। राठौड़ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष की कथनी और करनी में अंतर है। चूरू में भाजपा की जीत पर उनका बयान कुछ और होता है, जबकि ब्यावर में कांग्रेस की जीत पर उनका रुख बदल जाता है।

राठौड़ ने कहा कि पंचायती राज चुनावों में मिली सफलता से कांग्रेस के नेता अतिउत्साहित होकर बयान दे रहे हैं। कांग्रेस नेताओं के मुंह से सुशासन की बात करना बेमानी प्रतीत होता है, क्योंकि सुशासन और कांग्रेस का कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले कांग्रेस शासन में सरकार होटल से चलती हुई जनता ने देखी थी और इसका परिणाम कांग्रेस को 2023 के विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ा। उन्होंने कांग्रेस को अहंकार से बचने की सलाह देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरी क्षमता के साथ 2028 के विधानसभा चुनाव में इसका जवाब देंगे।

मालवीय कॉन्वेंट स्कूल का 19वां वार्षिकोत्सव 28 को

जयपुर (कासं)। मालवीय कॉन्वेंट स्कूल का 19वां वार्षिकोत्सव "प्रयास" 28 नवंबर को स्टेच्यू सर्किल स्थित बिडला सभागार में शाम 4 बजे आयोजित होगा। स्कूल के निदेशक डॉ. सन्नी कपूर (सीए) ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी व स्कूल के चेयरमैन राजीव अरोडा करेंगे, जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईएएस महेन्द्र खींची होंगे।

निगम में 11 अधिकारियों के जोन बदले

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। जयपुर नगर निगम में मेयर सुनील कोठारी ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया है। निगम के 11 अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां दी हैं। फेरबदल में पशुप्रबंधन, फायर, उद्यान, स्टोर, एनयूएलएम और अलग-अलग जोन शामिल हैं। मेयर ने कुछ ऐसे विभागों में भी अधिकारियों की जिम्मेदारी बदली है, जिनके कामकाज को लेकर विवाद सामने आते रहे हैं। वहीं उनके अधिकारियों के बीच सामंजस्य की कमी की बात कही जा रही थी।

नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर नरेंद्र कुमार बंसल ने बुधवार को आदेश जारी किए। इसमें करणी सिंह को पशु प्रबंधन विभाग से हटाकर किशनपोल जोन का उपायुक्त बनाया गया है। मनोहर लाल जाट को सिविल लाइंस जोन से पशु प्रबंधन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। निहारिका शर्मा को किशनपोल जोन से हटाकर झोटवाड़ा और वैशाली नगर जोन का उपायुक्त बनाया गया है। वहीं एपीओ चल रहे सुनील बैरवा को सिविल लाइंस जोन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निगम के प्रशासनिक फेरबदल में पवन कुमार शर्मा को विशेषाधिकारी मेयर की जिम्मेदारी दी गई है। इससे मेयर कार्यालय के कामकाज में समन्वय और प्रशासनिक संवाद की जिम्मेदारी उनके पास रहेगी। निगम में मेयर के कार्यभार संभालने के बाद यह बदलाव राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सार-समाचार

आरुटा ने मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय में करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के तहत प्रोफेसर पद पर पदोन्नत वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के 8 वर्षों से लंबित वेतन निर्धारण एवं सेवा लाभों के निस्तारण की मांग को लेकर ऑल राजस्थान यूनिवर्सिटीज टीचर्स एसोसिएशन (आरुटा) एवं सोसाइटी फॉर पब्लिक ग्रीवेंस (एसपीजी), इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने शीघ्र समाधान के लिए हस्तक्षेप का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अध्यक्ष प्रो. बी. डी. रावत (पूर्व महासचिव-आरयूटीए, पूर्व सिंडिकेट सदस्य एवं पूर्व प्राचार्य-यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज) ने किया। उनके साथ महासचिव एवं पूर्व परीक्षा नियंत्रक प्रो. बी. एल. गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रो. मधुसूदन शर्मा और प्रो. अनिल बंसल मौजूद रहे। ज्ञापन में बताया गया कि 98 सेवानिवृत्त शिक्षकों के मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय ने 29 नवंबर 2018 को प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि से सेवा लाभ देने के आदेश दिए थे। उच्च शिक्षा विभाग की स्वीकृति के बाद विश्वविद्यालय ने 25 सितंबर 2021 को पात्र शिक्षकों की प्रोफेसर पद पर पदोन्नित के आदेश जारी किए। यूजीसी नियमों और उच्च शिक्षा विभाग के 30 अप्रैल 2026 के पत्र का हवाला देते हुए प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पदोन्नित पात्रता तिथि के आधार पर तय होनी चाहिए और प्रक्रिया में विलंब प्रशासनिक स्तर पर हुआ है। प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका, कुलगुरु प्रो. बी. पी. सारस्वत, विधायक एवं सिंडिकेट सदस्य गोपाल शर्मा तथा राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े को भी प्रकरण से अवगत करा चुका है। प्रो. बी. डी. रावत ने कहा कि वर्षों की सेवा के बाद वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त प्रोफेसरों को वैधानिक वेतन निर्धारण और बकाया लाभों के लिए अनिश्चितता में रखना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने मुख्य सचिव से शीघ्र कार्रवाई कराने का आग्रह किया।

जयपुर में गूंजेंगे साहिर के नगमे

जयपुर। देशभक्ति और इंसानियत के शायर साहिर लुधियानवी की याद में विकल्प नाट्य संगठन की ओर से शनिवार, 28 नवंबर को सायं 5:30 बजे, रंगायन, जवाहर कला केंद्र में सास्कृतिक संध्या 'जश्ने-ए-साहिर - वो सुबह कभी तो आएगी' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रख्यात पत्रकार राजेश बादल द्वारा लिखित साहिर लुधियानवी की जीवनी 'ज़िंदगी का साथ निभाता चला गया का लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर राजेश बादल इस महान शायर और नगमानिगार साहिर का जिंदगीनामा अपनी ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर साहिर के अमर नगमों की संगीतमय प्रस्तुति भी होगी, जिसमें शहर के नामचीन गायक कलाकार राजीव भट्ट, रेखा भट्ट, मनमोहन सिंह रावत, केशव तैलंग, यशवर्धन, ओम गोस्वामी, डॉ. कविता माथुर, पप्पू सिंह, भारती शर्मा और मनोहर पोपली अपनी आवाज़ का जादू बिखेरेंगे। शामिल होंगे। मुख्य आयोजक विकल्प के अध्यक्ष एम एल गोयल ने बताया कि इस संध्या का उद्देश्य नई पीढ़ी को साहिर की शायरी, उनके विचारों और मानवतावादी दृष्टिकोण से जोड़ना है। वो सुबह कभी तो आएगी सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि उम्मीद, बराबरी और बेहतर कल की आस का प्रतीक है। यह कार्यक्रम दर्शक कॉलेज ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट्स और राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के सह आयोजक प्रगतिशील लेखक संघ के राष्ट्रीय सचिव प्रेमचंद गांधी ने बताया कि वर्षों बाद साहिर लुधियनवी की याद में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम जयपुर में होने जा रहा है। कार्यक्रम में दर्शकों के लिए प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

भाजयुमो का युवा संवाद कार्यक्रम संपन्न

जयपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) राजस्थान की ओर से सीतापुरा स्थित रीजनल कॉलेज में बुधवार को युवा संवाद कार्यक्रम हुआ। "लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ" के मुख्य विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में भाजयुमो के राष्ट्रीय महामंत्री हर्षवर्धन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजयुमो राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रिया शर्मा और गुर्दित सिंह की भी विशेष उपस्थिति रही। दोपहर 12 बजे प्रारंभ हुए इस संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं और मोर्चा के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, समाज में अराजकता के विरुद्ध एकजुट होने तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

'संविधान भारतीय संस्कृति का प्रतिबिम्ब'

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि संविधान देश को शासित करने से जुड़ा पवित्र ग्रंथ भर नही है बल्कि यह भारतीय संस्कृति का प्रतिबिम्ब है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्वभर के लोकतंत्रों की सर्वश्रेष्ठ व्याख्या है। राज्यपाल बागडे ने संविधान दिवस (26 नवम्बर) की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि संविधान की उद्देशिका "हम भारत के लोग" देश में संप्रभुता और लोकतांत्रिक भारतीय मूल्यों का ही दर्शन है। संविधान की आस्था 'लोकतंत्रात्मक शासन पद्धित' में है। उन्होंने कहा कि संविधान का मूल भाव मानवता है। नागरिकों में बंधुता, स्वाभिमान और राष्ट्र की एकता से जुड़ा हमारा संविधान देश के आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन का घोषणा पत्र है। राज्यपाल ने कहा कि संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में दिए अपने पहले भाषण में "संवैधानिक नैतिकता" शब्द का प्रयोग किया था। यही हमारे गणतंत्र की पहचान है।

'मेजर मिनरल ब्लॉक ऑक्शन में राजस्थान पूरे देश में अव्वल, अब खान चालू करने पर जोर'

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने अंतर्विभागीय मुद्दों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए

जयपुर। राजस्थान मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 24 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी की जा चुकी है। अब राज्य सरकार का फोकस नीलाम खानों को जल्द परिचालन में लाने और खनन गतिविधियों से निवेश, रोजगार व राजस्व बढ़ाने पर है।

- इस वित्तीय वर्ष में 24 मेजर और 716 माइनर मिनरल खानों को परिचालन में लाया गया

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बुधवार को सचिवालय के चिंतन कक्ष में खान विभाग से जुड़े अंतरविभागीय प्रकरणों की राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नीलाम खानों को परिचालन में लाने में भी राजस्थान को देश में अग्रणी बनाना है। इसके लिए संबंधित विभाग आवश्यक अनुमतियां जारी करने और खनन कार्य शुरू कराने में तेजी लाएं। उन्होंने अरावली जिलों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में खनिज अन्वेषण और खनन ब्लॉकों पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में भारतीय खान ब्यूरो, वन, नगरीय विकास, राजस्व और परिवहन विभाग से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने विभागों को आपसी समन्वय से लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोधपुर शहर से जुड़े खनिज ब्लॉकों में खनन अनुमति के लिए अलग से बैठक करने तथा खान और परिवहन विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर अवैध खनन परिवहन में लगे वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। साथ ही सिया-सेक स्तर पर लंबित पर्यावरण स्वीकृति (ईसी) के प्रकरणों का तेजी से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने बताया कि वित्तीय वर्ष में 55 मेजर मिनरल ब्लॉकों के साथ माइनर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी का रोडमैप तैयार कर क्रियान्वयन किया जा रहा है। खानधारकों और संबंधित विभागों के बीच समन्वय के लिए पोस्ट ऑक्शन फैसिलिटेशन सेल बनाया गया है। मेजर मिनरल खानों के परिचालन में तेजी लाई गई है और अब तक 716 माइनर मिनरल खानों को परिचालन में लाया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि नीलाम खानों की पर्यावरण स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी आई है, लेकिन अभी और प्रयास जरूरी हैं। सिया-सेक द्वारा पर्यावरण स्वीकृति के प्रस्तावों पर निर्णय के समय संबंधित खानधारकों को भी बुलाने से लंबित औपचारिकताएं तत्काल पूरी कराई जा सकेंगी। उन्होंने जोधपुर, जयपुर-सांगानेर और कोटा सहित शहरी क्षेत्रों के खनन ब्लॉकों में स्वीकृतियां जारी करने पर जोर दिया, ताकि अवैध खनन रोका जा सके।

अपर्णा अरोरा ने कहा कि खनिज संपदा वाले चिन्हित क्षेत्रों में वन, राजस्व और नगरीय विकास विभाग किसी परियोजना या अन्य निर्णय से पहले खान विभाग से समन्वय करें। अवैध खनन परिवहन में लिप्त चिन्हित वाहनों का पंजीकरण निरस्त करने तथा खनिज परिवहन वाहनों में गति नियंत्रक लगाने के आदेशों की सख्ती से पालना कराने की आवश्यकता भी जताई।

अतिरिक्त मुख्य सचिव वन आनंद कुमार ने अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में संबंधित विभागों को शामिल करने और संरक्षण क्षेत्र घोषित करने से पहले खान विभाग से समन्वय करने की बात कही। अतिरिक्त मुख्य सचिव नगरीय विकास आलोक गुप्ता ने बताया कि बजरी से जुड़े प्रकरणों में अनुमति जारी कर दी गई है। सचिव परिवहन पुरुषोत्तम शर्मा ने गति नियंत्रक लगाने के निर्देशों की पालना के लिए अभियान चलाने और खान विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई करने की जानकारी दी। बैठक में सिया अध्यक्ष मुनिश गर्ग, विशिष्ट सचिव खान नम्रता वृष्णि, सिया सचिव शैलजा देवल, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक केसीए अरुण प्रसाद, कोविता, उप सचिव राकेश कुमार, निदेशक खान एमपी मीणा, अतिरिक्त निदेशक महेश माथुर, एसएमई जोधपुर देवेन्द्र गौड़, ओएसडी डॉ. अनुज सक्सेना, श्रीकृष्ण शर्मा सहित गृह, वन, राजस्व, परिवहन, खान तथा सिया के अधिकारी मौजूद रहे।

बैंड प्रतियोगिता में राजस्थान पुलिस का शानदार प्रदर्शन

जयपुर (कासं)। 27वीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता-2026 में राजस्थान पुलिस के बैंड दलों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में 16 से 20 नवंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में राजस्थान पुलिस की महिला पाइप बैंड टीम ने स्वर्ण पदक, जबकि ब्रास बैंड टीम ने रजत पदक हासिल किया।

महिला पाइप बैंड टीम का नेतृत्व बैंड मास्टर पूनम सपेरा ने किया। टीम ने लगातार तीसरे वर्ष अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता में पदक जीतने की उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले महिला पाइप बैंड ने 26वीं प्रतियोगिता-2025 में कांस्य और 25वीं प्रतियोगिता-2024 में स्वर्ण पदक जीता था।

इसी प्रकार राजस्थान पुलिस की ब्रास बैंड टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। टीम का नेतृत्व बैंड मास्टर योगेन्द्र कुमार ने किया। इससे पहले ब्रास बैंड टीम 24वीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता-2023 में भी रजत पदक जीत चुकी है। प्रतियोगिता में पदक जीतकर जयपुर लौटने पर पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने दोनों बैंड दलों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विजेता टीमों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) संजय कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (आर्म्ड बटालियन) रूपिंदर सिंघ, पुलिस उप महानिरीक्षक (आरएसी) श्वेता धनकड और पुलिस उप महानिरीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी बैंड वादकों को बधाई दी और उनका उत्साह बढ़ाया।

कश्मीर घाटी के 25 बच्चे राज्यपाल से मिले



सामाजिक चेतना अभियान के तहत भारत दर्शन यात्रा पर राजस्थान आए कश्मीर घाटी के 25 बच्चों ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। राज्यपाल ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत विविधता में एकता का प्रतीक है। उन्होंने कश्मीर के इतिहास, संस्कृति और उसे भारत से अलग करने के षड्यंत्रों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी राष्ट्र के विकास में समान भूमिका निभाएं, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा।